## कार्यालय , जनपद न्यायाधीश मैनपुरी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायलय के पत्रांक संख्या-695/ Infra Cell, Allahabad दिनॉकित 09/09/2020 तथा जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनॉक -02/02/2021 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, मैनपुरी के परिसर की पुरानी बाउंड्रीवाल के मलबे/ईंटों की नीलमी की की जानी है। नीलामी प्रकिया माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित नीलामी समिति-नासिर अहमद, अध्यक्ष समिति विशेष न्यायाधीश द.प्र.क्षे., पूनम राजूपत, सदृस्य समिति विशेष न्यायाधीश ई.सी एक्ट, अमित मिश्रा,सदस्य समिति सिविल जज प्रवर वर्ग की उपस्थिति व निर्देशन में दिनांक 23-03-2022 को सांय 04:00 बजे से जनपद न्यायालय मैनपुरी के मीटिंग कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि, समय एवं स्थान पर नीलामी में भाग लेने हेतु अपने पहचान पत्र( आधार कार्ड, वोटर आई डी) के साथ उपस्थित हो।

## नीलामी की शर्ते निम्नलिखित हैं

1- उक्त मलबे / ईंटों की नीलामी की न्यूनतम बोली 1,60,000.00 रूपये निर्धारित की गयी है।

2 नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मासिक 10000 रु० जमा कर ही नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

3 जिस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली लगाई जायेगी उस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली का 25% धनराशि तत्काल जमा करनी होगी।

4 जिस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली लगायी जायेगी उस प्रतिभागी द्वारा जमा जमानत धनराशि को उक्त धनराशि में समायोजित कर लिया जायेगा शेष प्रतिभागी की जमानत धनराशि उन्हे वापस कर दी जायेगी।

5 नीलामी स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अन्तिम रूप से सक्षम अधिकारी/माननीय जनपद न्यायाधीश मैनपुरी को होगा।

6 नीलामी स्वीकृत होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा जमानत धनराशि के अतिरिक्त अन्तिम बोली की शेष धनराशि को एक सप्ताह के भीतर जमा करना होगा।नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा स्वीकृत धनराशि को न जमा करने पर नीलामी अस्वीकृत करते हुए उक्त प्रतिभागी की जमानत धनराशि को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा।

7 नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा नीलामी तिथि के पश्चात संपूर्ण धनराशि अदा करने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर उक्त मलबे/ ईंटों को अपने स्वयं के खर्चे पर निर्धारित स्थान से ले जाना होगा।

8 नीलामी प्राप्तकर्ता को नीलाम किये गये मलबे /ईंटों की सुपुर्दगी की जायेगी।

9 उपरोक्त मलबे /ईंटों का दिनांक 14-03-2022 से किसी भी कार्य दिवस पर (10.00 बजे से 04.00 बजे तक) नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर निरीक्षण किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 08.03.2022 | 08.03.22 | 8/3/22 |
| (अमित मिश्रा) | (पूनम राजपूत) | (नासिर अहमद) |
| सदस्य समिति/ | सदस्य समिति/ | अध्यक्ष,नीलामी समिति/ |
| सिविल जज (प्रवर वर्ग) | विशेष न्यायाधीश ई सी एक्ट | विशेष न्यायाधीश द. प्र.क्षे. |
| मैनपुरी | मैनपुरी | मैनपुरी |